Rapid Fire 12 December

- रिज़र्व बैंक के गवर्नर पद से उर्जित पटेल के इस्तीफे के बाद 11 दिसंबर को कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने आर्थिक मामलों के विभाग के पूर्व सचिव शक्तिकांत दास को गवर्नर पद पर तीन साल के लिये नियुक्त किया; शक्तिकांत दास केंद्र सरकार में विभिन्न महत्त्वपूर्ण पदों पर काम करने के अलावा वित्त आयोग के सदस्य भी रह चुके हैं
- प्रसिद्ध अर्थशास्त्री सुरजीत भल्ला ने प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया; इस परिषद के अध्यक्ष बिबेक देबरॉय हैं; यह परिषद प्रधानमंत्री को आर्थिक मामलों से जुड़े मसलों पर सलाह-मशविरा देती है; इसमें एक अध्यक्ष और चार सदस्य होते हैं
- सर्वोच्च न्यायालय ने असम के राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर यानी NRC ड्राफ्ट में नाम शामिल करने के लिये दावा करने और आपत्तियों के लिये समय-सीमा 15 दिसंबर से बढ़ाकर 31 दिसंबर की; फाइनल NRC ड्राफ्ट में असम के करीब 40 लाख लोगों के नाम नहीं हुए थे शामिल; असम सरकार ने न्यायालय से की थी समय-सीमा बढ़ाने की अपील
- पाँच राज्यों में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव; मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस ने भाजपा को किया सत्ता से बेदखल; तेलंगाना में एक बार फिर तेलंगाना राष्ट्र समिति (TRC) ने मारी बाज़ी; मिज़ोरम में मिज़ो नेशनल फ्रंट को मिली सत्ता; पूर्वोत्तर में अब किसी भी राज्य में नहीं है कांग्रेस की सरकार
- भारत का थिंक टैंक माना जाने वाला नीति आयोग लोगों के लिये अमेज़न वर्चुअल असिस्टेंट डिवाइस 'एलेक्सा' जैसी एक डिवाइस विकसित करने पर कर रहा है काम; भविष्य में Natural Language Processing (NLP) द्वारा संचालित बातचीत करने वाले बॉट्स (Conversational Bots) को अलग-अलग भाषाओं में देश के सभी कोनों तक पहुँचाना है इसका उद्देश्य
- भारत और चीन के बीच सैन्य अभ्यास हैंड-इन-हैंड 2018 की शुरुआत; चीन के चेंगडू में 10 से 23 दिसंबर तक चलेगा इसका सातवाँ संस्करण; दोनों देशों की सेनाओं के बीच मजबूत संबंध बनाना और उन्हें बढ़ावा देना है इस अभ्यास का उद्देश्य; 2017 में दोनों देशों के बीच सिक्किम के डोकलाम में गतिरोध के कारण नहीं हुआ था यह अभ्यास
- म्यांमार ने भारतीय पर्यटकों को आगमन पर वीजा देने का फैसला किया है; राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के हालिया म्यांमार दौरे में दोनों देशों ने लोगों के बीच आपसी संपर्क बढ़ाने का लिया फैसला; म्यांमार में शांति स्थापित करने के प्रयासों में मदद करेगा भारत; भारत और म्यांमार के बीच आवाजाही के लिये रिखवादर-जोखावथर (Rihkhawdar-Zokhawthar) सीमा चौकी और तामू-मोरेह सीमा चौकी को आवागमन के लिये खोला जा चुका है
- 'खेलो इंडिया युवा खेल' का आयोजन अगले साल 9 से 20 जनवरी तक पुणे में होगा; इस बार कॉलेजों के छात्र भी होंगे शामिल; पहले 'खेलो इंडिया स्कूल खेल' था इसका नाम; पिछले साल की तरह अंडर-17 वर्ग के अलावा इस बार अंडर-21 वर्ग के मुकाबले भी होंगे
- भारतीय रेल के उपक्रम IRCTC दिल्ली से शुरू की बुद्ध सर्किट ट्रेन; भगवान बुद्ध से जुड़े लगभग सभी अहम स्थलों पर पर्यटकों को लेकर जाएगी यह ट्रेन; इनमें बोध गया, नालंदा, वाराणसी, लुंबिनी, कुशीनगर और श्रावस्ती शामिल; श्रीलंका, जापान, थाईलैंड और चीन से आने वाले पर्यटकों को आकर्षित करने के लिये तैयार की गई है यह ट्रेन; कुछ समय पहले 'रामायण सर्किट एक्सप्रेस' की भी हुई थी शुरुआत
- अमेरिका की 'टाइम' मैगजीन ने 2018 के पर्सन ऑफ द ईयर के लिये चार पत्रकारों और एक मैगज़ीन को चुना; हाल ही में तुर्की स्थित सऊदी वाणिज्य दूतावास में मार दिये गए 'वाशिंगटन पोस्ट' के जमाल खशोगी का भी नाम; युद्ध क्षेत्र में काम करने के लिये फिलीपींस की पत्रकार मारिया रेसा और म्यांमार की जेलों में बंद 'रायटर' के दो युवा पत्रकार वा लोन और क्याव सोइ उ भी शामिल; मैरीलैंड के अनापोलिस में 'कैपिटल गज़ट' पत्रिका को भी मिला सम्मान
- स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की पूर्व प्रमुख अरुंधती भट्टाचार्य को बैंकों के बीच दूरसंचार प्रणाली आधारित वित्तीय संदेश आदान-प्रदान व्यवस्था की निगरानी करने वाली समिति SWIFT India के निदेशक मंडल का नया चेयरपर्सन नियुक्त किया गया, देश के शीर्ष सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बैंकों तथा SWIFT (Society for Worldwide Inter-bank Financial Telecommunication) का संयुक्त उद्यम है SWIFT India

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-12-12-2018